**पहल** | गाजीपुर, मेरठ, अम्बेडकरनगर, अमेठी, बलिया, महाराजगंज, खीरी, हरदोई व बस्ती ने किया शानदार प्रदर्शन

# नए उद्योग शुरू कराने में छोटे शहर आगे

■ अजित खरे

**लखनऊ।** यूपी में निवेश परियोजनाओं को जमीन पर उतारने का काम चल रहा है। इन औद्योगिक परियोजनाओं में उत्पादन चालू करा देने के मामले में छोटे जिलों ने शानदार काम किया है। इनमें पश्चिमी यूपी के मेरठ से लेकर अम्बेडकरनगर, अमेठी, कानपुर देहात, कन्नौज, महाराजगंज, गाजीपुर, इटावा, पूर्वांचल के बलिया तक शामिल हैं। यहां अब फैक्ट्रियां लग गईं और इनमें उत्पादन चालू हो पाया। इनकी कामयाबी 60 प्रतिशत से ज्यादा है।

बड़े बड़े जिले पीछे : गौतमबुद्धनगर, आगरा, गाजियाबाद, लखनऊ, वाराणसी प्रयागराज जैसे बड़े बड़े जिलों में केवल 35 प्रतिशत तक परियोजनाएं कामयाबी के साथ जमीन पर उतर पाई। इन्वेस्ट यूपी ने हाल में सभी जिलों में लगने वाली 8605 औद्योगिक परियोजनाओं8 की वास्तविक स्थिति जानी तो साफ हुआ कि केवल 3480 परियोजनाओं यानी 40.44 प्रतिशत में उत्पादन चालू हो पाया। करीब 1315 परियोजनाओं (15.28) पर अभी काम चल रहा है। 3480 यानी 40.44 प्रतिशत परियोजनाएं चालू होनी है। जबकि 66 परियोजनाओं पर विभिन्न कारणों से कोई काम नहीं शुरू हो पाया।



## बलिया में 69 प्रतिशत प्रोजेक्ट अमल में आए

कन्नौज में 77 फीसदी के अलावा लखीमपुर खीरी ने 66 प्रतिशत से ज्यादा कामयाबी हासिल की। बलिया ने 69.05 प्रतिशत, हरदोई 66 प्रतिशत, महाराजगंज 70 प्रतिशत, मिर्जापुर 60 प्रतिशत उद्योग लगाने में कामयाब रहा।

## निवेश परियोजनाओं के अमल की वास्तविक स्थिति

| प्रमुख जिले | प्रोजेक्ट | उत्पादन | चालू परियोजनाएं प्रतिशत में | क्रियान्वयन प्रक्रिया में (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 435 | 78 | 17.93 | 24.83 |
| लखनऊ | 296 | 103 | 34.80 | 28.72 |
| गोरखपुर | 286 | 78 | 27.27 | 08.04 |
| गाजियाबाद | 277 | 87 | 31.41 | 11.55 |
| बरेली | 271 | 90 | 33.21 | 26.57 |
| अलीगढ़ | 249 | 69 | 27.7 | 11.24 |
| कानपुर | 236 | 19 | 08.05 | 07.20 |
| मेरठ | 214 | 133 | 62.15 | 14.02 |
| अम्बेडकरनगर | 213 | 157 | 73.71 | 10.80 |
| बाराबंकी | 191 | 85 | 44.50 | 13.09 |
| अयोध्या | 190 | 41 | 21.58 | 11.58 |
| मथुरा | 186 | 75 | 40.32 | 41.40 |
| मुरादाबाद | 183 | 116 | 63.39 | 13.66 |